# फंदे से झूलता मिला महिला का शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के हुलसम पंचायत के भिखही गांव टोला बेलवाटिकर स्थित खपरैल घर के कमरे में संदेहास्पद स्थिति में महिला का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। मृतिका की पहचान स्व जीतन भुइंया की 24 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि रानी शादी होने के चार माह बाद पति को छोड़ कर अपने मायका स्थित घर में रहती थी। उसकी मां उसके छोटे भाई को लेकर मजदूरी करने चली गई है। रानी घर में अकेले रहती थी। सुबह गांव के लोगों ने देखा की खपरैल घर के कमरे में लगे लकड़ी की कंडी के सहारे रानी का शव झूल रहा है, इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। रानी का शव संदेहास्पद स्थित में झूलते हुए पाया गया। ग्रामीणों में संदेह है कि किसी ने उसके साथ गलत हरकत करने के बाद उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव का फंदे पर लटका दिया। रानी के घर के आंगन में मुर्गा का खून और पंख गिरा मिला, जिससे लोगों ने अनुमान लगाया कि रानी किसी अपने परिचित के साथ रात में मुर्गा बनाकर खाई है। उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# जमीन विवाद में दो सगी बहनों के साथ मारपीट, घायल

## पुलिस मामले की जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** जमीन विवाद को लेकर गुरुवार की सुबह मारपीट में एक पक्ष के पांकी के बंगलाडीह टोला निवासी मोहम्मद इस्माइल की दोनों पुत्री सबीला बीवी, उनकी सगी बहन ताजबुन बीवी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों को इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। दोनों सगी बहनों ने बताया कि उनका भाई नहीं है।



उनके पिता की बहन द्वारा जमीन बेचे जाने की सूचना मिलने के बाद पूछताछ करने वह दूसरे पक्ष के सतीयाड़ी चौक निवासी साजिद अंसारी पिता माजिद मियां के घर गए थे। वहां उनके साथ साजिद अंसारी ने मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में उन्हें गहरी चोट लगी हैं। दोनों बहनों का हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया है। घटना की जानकारी पांकी थाना को दे दी गई है। दोनों महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। दूसरे पक्ष के साजिद अंसारी ने उनके ऊपर लगाए आरोप को बेबुनियाद बताया है।

## न्यूज बॉक्स

### वित्त रहित शिक्षकों ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**हैदरनगर।** राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से गुरुवार को अध्यक्ष मंडल के सदस्य अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मिलकर ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व उन्हें बुके एवं माला देकर नववर्ष की शुभकामना दी। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने अनुदान वृद्धि से संबंधित सारे कागजात प्रस्तुत कर महंगाई को देखते हुए सरकार से 75 प्रतिशत गठित कमेटी से वृद्धि किये जाने के निर्णय और लागू नहीं किये जाने की बात को रखा। शिष्टमंडल ने मंत्री का ध्यानाकृष्ट कराते हुए कहा कि अनुमोदन उपरांत विभागीय संलेख तैयार कर सहमति के लिये वित्त विभाग के पास भेजा भी गया है, पर राशि की कमी बताकर वापस विभाग के पास संचिका को लौटा दिया गया है। इस बीच चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने के बाद संलेख विभाग में लंबित है। इससे संबधित डिग्री कॉलेज को राशि मिल गयी, किन्तु उनका मामला अब तक लंबित रखा गया है। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग की सहमति नहीं मिलने से यह मामला अधर में लटका है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मोर्चा के प्रतिनिधियों की सारी वस्तुस्थिति सुनने के बाद निजी सचिव को इससे संबधित संचिका स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से मंगवाने का आदेश देते हुए यथाशीघ्र उनकी मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा मोर्चा को दिया है। मंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधियों में दिनेश कुमार, प्राचार्या स्वाती कुमारी, योगेन्द्र प्रसाद सिंह, मो. हामीद, फारुक, प्रकाश कुमार सिंह, बिनोद कुमार, राजेश पांडेय, देवराज राम, सुशील सिंह, सचिदानंद सिंह, आशा तिग्गा, आनन्द तिवारी सहित अन्य कई शिक्षक शामिल हैं।

### समता स्कूल में सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती मनी

**हुसैनाबाद।** शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती समारोह केक काटकर व माल्यार्पण कर विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ.अक्षय कुमार चौहान व बच्चों के द्वारा मनाया गया। मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि नेताजी युवाओं के लिए एक अलग ही प्रकार के देशभक्ति की प्रेरणा स्थापित की है, जिसे हर युवाओं को आत्मसात करने की आवश्यकता है। सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिए गए नारा आज भी भारतीयों के हृदय में गूंजता है। दिल्ली चलो, जय हिंद, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संतोष मिश्रा, विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह,राहुल चौहान, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, उमम जहरा, प्रियंका देवी, राहुल गुप्ता, सुभाष कुमार, शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी, गार्ड नंदू प्रजापति,अनूप पांडे एवं परिचारिका, विमला कुंवर के अलावा काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**उंटारी रोड।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में एक दिवसीय स्वास्थ मेला का आयोजन गुरुवार को किया गया। स्वास्थ मेला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, नागेन्द्र शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मेला में सामान्य चिकित्सा सहित विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाया गया, जिसमें अस्थमा, टीबी, मलेरिया, ब्लड जांच,परिवार नियोजन, टीकाकरण, अंधापन नियंत्रण संबंधित कई प्रकार का जांच के लिए स्टॉल लगाया गया था। स्वास्थ्य मेला को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य मेला ग्रामीण जनता के लिए ठीक है। ऐसा मेला बीच बीच में लगना चाहिए। मुखिया द्वारा सूचना मिला कि बृहद पैमाने पर प्रचार प्रसार नहीं किया गया है। जिसके कारण स्वास्थ्य मेला में कम लोग पहुंच पाए। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में भारी लापरवाही है। प्रचार प्रसार पूरी तरह से हर क्षेत्र में नहीं किया गया है।

## एक नजर

### समाज सेवी ने स्कूल ड्रेस किट्स बांटे

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय बटौआ के छात्र-छात्राओं के बीच गुरुवार को स्कूल ड्रेस किट का वितरण मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस किट का उपयोग करने की जरूरत बताया। कहा कि इससे एकरूपता आती है। उन्होंने कहा कि इसका उपयोग कराना सुनिश्चित करने की जवाबदेही शिक्षकों की है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की नसीहत दी। कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है। बुलंद इरादे से पढ़ाई करने से जीवन को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलता है। इस दौरान उन्होंने दो सेट पोशाक, जूता व मोजा किट का वितरण किया। मौके पर प्रधानाध्यापक रुपेन्द्र कुमार, सहायक शिक्षक शांति भूषण प्रसाद यादव, सहायक अध्यापक अवधेश कुमार रवि, गुलफ्शा खातून, प्रबंधन समिति अध्यक्ष सकिल अहमद, सदस्य - कबेदीन अंसारी, शेख अमिरुलाह, रूपा देवी और नेहाल अहमद सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### सुभाषचंद्र बोस की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनायी गयी

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के जपला स्थित आवास पर गुरुवार को भारत के महान विभूति व आजादी की लड़ाई के महानायक वीर सपूत सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं पराक्रम दिवस मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर चरणों में पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस हम सभी भारतीय के प्रेरणा श्रोत हैं। अपने परिवार के सभी सपनों को बलि देते हुए अपना जीवन देश की आजादी दिलाने में न्यौछावर कर दी। अंग्रेजों को ललकारते हुए कहा था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा। मौके पर समाजसेवी राजेश्वर यादव,कोशी पंचायत के प्रमोद कुमार रजक, संतोष यादव ,उमेश राम, गुड्डू रजक ,कुमार लड्डू राघवन , मुना कुमार ,देवकुमार राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# विधायक ने दो कब्रिस्तान घेराबंदी कार्य का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के भाई बिगहा व पठान टोली में दो कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने किया। 25-25 लाख की लागत से दोनों कब्रिस्तानों में चहारदीवारी निर्माण की स्वीकृति के बाद लाभुक समितियों को कार्य आवंटित कर दिया गया है। मौके पर विधायक ने कहा कि सभी को अंत में यहीं आना है। इसका ख्याल रखते हुए चहारदीवारी निर्माण में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने लाभुक समितियों से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा



क्षेत्र के अन्य कब्रिस्तानों की भी घेराबंदी व सुंदरीकरण कार्य की स्वीकृति दिलाने का काम जारी है। मौके पर मुखिया शहनाज परवीन, जेएमएम नेता विवेकानंद सिंह, राज अली, राजद नेता रिजवान खान, खुर्शीद अहमद, शमीम खान, अलाउद्दीन खान, राजू खान, अशरफ हसन, सज्जू खान, अंसार खान के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बीडीओ से सीमेंटेड बेंच की गुणवत्ता और क्रय जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के सभी 8 पंचायतों में 15 वें वित्त मद योजना से प्रमुख स्थानों पर लगाए गए सीमेंटेड बेंच की गुणवत्ता और इनके क्रय राशि में अनियमितता बरतने की बात सामने आई है। इस मामले की जांच करने की बात भी कही जाती है। इसे लेकर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने बीडीओ को पत्र लिखकर इसके संबंध में कई जानकारी मांगी है। इसमें उन्होंने बेंच की एक अदद क्रय राशि, प्रति पंचायत कितने बेंच और कहां-कहां लगाए गए हैं, इसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही है।



सांसद प्रतिनिधि के सवाल खड़े करने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों में हड़कंप मच गया है। लोगबाग भी बेंच की उपयोगिता को लेकर सवाल खड़े करते हैं। कहते हैं कि इसको ऐसी जगहों पर लगाया गया है, जहां आदमी से ज्यादा बकरियां और कुत्ते आराम फरमाते हैं। कहीं कहीं विवाद भी उत्पन्न हो जाता है। ऐसी स्थिति में कुछ समय पहले मुख्य नहर में एक बेंच को उठाकर फेंक भी दिया गया था। तभी इसकी गुणवत्ता भी सामने आ गई थी।

# झारखंड रेल यूजर्स ने सांसद से की रेलयात्री सुविधा बढ़ाने की मांग

## सांसद ने धनबाद की बैठक में मुद्दों को रखने का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन की एक प्रतिनिधि मंडल ने पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम से मिलकर रेल सुविधा बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने गत दिनों पूर्व मध्य रेलवे के रेल सलाहकार समिति की बैठक में रखी गई वार्ता में बताया कि उन्होंने झारखंड राज्य में रेलयात्री सेवा की कमी, समस्याओं



और सुधार की जरुरत पर सांसद को विस्तार से बताया। झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के सदस्य सह सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने राज्य के अन्य हिस्सों सहित पलामू होकर गुजरने वाली ट्रेनों के विलंब और नए रेल सेवाओं के संचालन संबधी मांगों से संबधित ज्ञापन दिया है। जिसमें चोपन-जसीडीह एक्सप्रेस को बरकाकाना-धनबाद मार्ग से चलाने, रांची-रक्सौल एक्सप्रेस को वाया टोरी, डालटनगंज, हैदरनगर, सासाराम, आरा, दानापुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी मार्ग से चलाने की मांग की गई है। रांची-देहरादून एक्सप्रेस वाया टोरी, डालटनगंज, हैदरनगर, वाराणसी, अयोध्या, लखनउ, हरिद्वार मार्ग जबकि रांची-इंदौर एक्सप्रेस वाया टोरी, डालटनगंज, चोपन, सिंगरौली, उज्जैन के रास्ते नई ट्रेन का परिचालन शुरू कराने की मांग शामिल है। ट्रेन नंबर 03397-03398 धनबाद-नासिक रोड गरीब रथ एक्सप्रेस को नियमित चलाकर मुंबई तक विस्तार करने, 53349 बरवाडीह- डेहरी ऑन सोन शटल पैसेंजर का परिचालन पूर्व समय सारणी के तहत कराने, बरवाडीह-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस को पुनः परिचालन शुरू कराने की मांग की है। साथ ही घंटों सड़क जाम से मुक्ति दिलाने के लिये हैदरनगर स्टेशन से संबधित व स्थानीय बस स्टैंड के समीप रेल फाटक संख्या 50 एलसी पर अविलंब ओवर ब्रिज का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का आग्रह किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार अभिषेक, प्रवक्ता सत्यम श्रीवास्तव, मुख्य सदस्य अंकु सिंह राणा को सांसद ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेकर आगामी 28 जनवरी को पूर्व मध्य रेलवे की धनबाद की बैठक में इन मुद्दों को रेलवे उच्च अधिकारी, रेल मंत्री और संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखने का आश्वासन दिया है।

# वित्त मंत्री ने किया हार्वर्ड इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने गुरुवार को प्रखंड के जगतपुरवा मोड़ पर हार्वर्ड इंटरनेशनल स्कूल का फीता काटकर शुभारंभ किया। इससे पूर्व मंत्री ने जगतपुरवा मोड़ पर युगांबर दीक्षित की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्कूल के डायरेक्टर अवधेश शुक्ला ने मंत्री को माला पहनाकर स्वागत किया। वहां से मांदर की थाप पर थिरकते कलाकारों ने मंत्री को स्कूल कैंपस तक लाया। मंच पर मंत्री किशोर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि शिक्षा ऐसी देनी चाहिए, जिससे सभी जाति-धर्म के लोगों का विकास हो। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे कि बच्चे मानव धर्म की शिक्षा पाकर भविष्य में एक दूसरे का साथ देने वाले बन सकें। उन्होंने कहा कि




सभी लोगों को हर क्षेत्र में सब कुछ बेहतर चाहिए, लेकिन जब राजनीति में प्रतिनिधि चुनना हो तो अशिक्षित को चुनते हैं। उन्होंने पूछा-क्या ऐसे में विकास संभव है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी ने कहा कि हार्वर्ड इंटरनेशनल स्कूल में गरीबों व दबे कुचले लोगों को शिक्षा देकर आगे बढ़ने का कार्य करना चाहिए। ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने स्कूल की कार्य प्रणाली व संचालन से लोगों का परिचय कराया। मौके पर कांग्रेस पार्टी के लाल सूरज, रूद्र शुक्ला, अरुण सिंह, लक्ष्मण, राजेंद्र शुक्ला, अजीत तिवारी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पंकज शुक्ला ने किया।

### विद्या विकास भारती की टीम ने जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का किया निरीक्षण

**हुसैनाबाद।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या विकास समिति झारखंड प्रांत मुख्यालय के निर्देश पर एक विशेष टीम ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस टीम में सरस्वती विद्या मंदिर मेदिनीनगर के प्रधानाचार्य दुर्गेश नंदन के नेतृत्व किया गया। इससे अतिथियों ने भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात निरीक्षण के क्रम में सभी कक्षा के भैया-बहनों के पठन-पाठन, अनुशासन तथा संपूर्ण विद्यालय व्यवस्था, बच्चों के स्वच्छता,समेत कार्यालय कार्यो का बारीकी से अवलोकन किया गया। विद्यालय के व्यवस्था में समाज के सहयोग की जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों का निरीक्षण कर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।विद्यालय के बच्चों के संस्कारों से अवगत हुए और उनमें आदर्श संस्कार को जागृत करने पर बल दिया। समर्पण भाव से भैया-बहनों के विकास करने,सामाजिक दायित्वों के निर्वहन करने के लिए सभी आचार्य बंधु-भगिनी से आग्रह किया। विद्यालय की सुव्यवस्थित व्यवस्था को देखकर समिति व आचार्य परिवार को धन्यवाद दिया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा,अभिषेक पाठक, छाया कुमारी, सुषमा गुप्ता ने विद्यालय के आचार्य व भैया बहन उपस्थित थे।



# आयुष्मान आरोग्य मंदिर की उपयोगिता पर खड़े किए सवाल

## सीएचसी में चल रहा मरीजों का इलाज व प्रसव सुविधा अतिक्रमण के दायरे में 1.13 एकड़ भूमि

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजनडीह स्थित सबसे पुराना और पहला स्वास्थ्य उपकेंद्र को आयुष्मान आरोग्य मंदिर नाम दे दिया गया है, जबकि इसमें संचालित आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को प्रखंड कार्यालय के बगल में स्थित 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया है। अब वहीं सामान्य मरीजों का इलाज और प्रसव की सुविधा बहाल कर दी गई है। ऐसे में इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर के भवन की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। वैसे भी काफी पहले से ही इसकी 1.13 एकड़ अधिग्रहित भूमि पर अधिक क्षेत्र का अतिक्रमण कर लिए जाने की बात भी कही जाती है। इसमें कहा गया कि स्वास्थ्य सेवाओं का विधिवत संचालन नहीं किया जाएगा, तो इस केंद्र को आयुष्मान आरोग्य मंदिर नाम दिए जाने का कोई मतलब नहीं है। ऐसे में इसकी अतिक्रमित भूमि को इससे मुक्त कराना भी आसान नहीं होगा। दरअसल, सेवानिवृत्ति के कगार पर खड़ी एक एएनएम के हवाले इस आरोग्य मंदिर को दिया गया है। ऐसे में इसमें सरकारी स्वास्थ्य सेवा की महज औपचारिकता पूरी की जा रही है। जबकि पहले जब स्वास्थ्य उपकेंद्र, डिलेवरी प्वाइंट और बाद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित किया जाता था, तो आसपास की बड़ी आबादी को इसका सहजता से लाभ मिलता था।




### ग्रामीणों ने बच्चों की पाठशाला चलाने का विकल्प दिया

ऐसी स्थिति में इसके भवन को वैकल्पिक तौर पर बच्चों की पाठशाला अथवा आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में उपयोग में लाने की बात ग्रामीणों में कही जाने लगी है। साथ ही इसकी 1.13 एकड़ भूमि की घेराबंदी कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने की जरूरत बताया जाने लगा है। कहा जाता है कि मतदान केंद्र के रूप में भी इसे काम लिया जा सकता है। बताया गया कि इसका भवन कुल मिलाकर 2-3 डिसमिल भूमि में ही सिमट कर रह गई है। बाकी पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां से डेढ़ किमी की दूरी पर सामुदायिक में स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारू रूप से संचालन की स्थिति में ऐसा लगता है कि एएनएम की सेवानिवृत्ति के बाद यह बंद भी हो सकता है। ऐसे में अगर इसे बच्चों की पाठशाला में तब्दील कर दिया जाता है, तो झरीवा ,राजनडीह और रामनगर के बच्चों को रेलवे लाइन पार कर स्थानीय दैनिक बाजार क्षेत्र के सरकारी अथवा निजी स्कूलों में आने-जाने में जोखिम उठाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। रेलवे लाइन इस पार के उक्त टोले के मतदाताओं बूथ की सहज रूप से सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

## सराहनीय पहल | श्रमदान से बनी कच्ची सड़क निर्माण के लिए सर्वे और स्थलीय जांच पूरा

# रामनगर के ग्रामीणों का सपना साकार होने का बढ़ा आसार, जताई खुशी



### प्रथम चरण में ग्रेड वन सड़क व पुलिया का होगा निर्माण

मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ के राजनडीह से रामनगर तक पहले से बनी इस कच्ची सड़क को भौंराहा पर्वत की तलहटी में बसे ग्रामीणों की सुविधा के लिए विस्तार करने के उद्देश्य से पिपरा आहर तक करीब 3 किमी में प्रथम चरण में ग्रेड वन, ईंट सोलिंग पथ और जरूरत के अनुरूप कल्भर्ट का निर्माण किया जाएगा। इसके बनने से सड़क मार्ग के मुख्य धारा में जुड़ने से वंचित दर्जन भर गांवों के ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय और थाने के साथ ही कादलकुर्मी-जपला अंतर्राज्यीय मुख्य मार्ग तक सीधा संपर्क बढ़ जाएगा। साथ ही नो मैन्स लैंड पर नगरीय सभ्यता के विकास के अलावा प्राचीन और प्राकृतिक धरोहरों लकड़ही पहाड़ के अजूबे चट्टान, सीताचुआं, गोलापत्थर, लिखलाही, अन्हरहुआं और पड़वा पहाड़ तक पहुंच आसान होगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रामनगर के ग्रामीणों के श्रमदान और सहयोग से राजनडीह तक डीहई पहाड़ की तलहटी में बनी कच्ची सड़क के सरकार के स्तर से निर्माण का सपना साकार होने का आसार बढ़ गया है। गुरुवार को ग्राम्य अभियंत्रण संगठन के कनीय अभियंता धीरेंद्र कुमार ने इस सड़क के स्थलीय जांच के साथ सर्वे का काम पूरा किया। इस पर श्रमदान से इस कच्ची सड़क के निर्माण में अहम किरदार निभाने वाले रामनगर निवासी वरिष्ठ सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता रामजन्म राम ने खुशी जताते हुए इसके लिए विधायक संजय कुमार सिंह यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि प्रखंड मुख्यालय और रेलवे स्टेशन के करीब बसे हुए इस टोले के ग्रामीण आजादी के लंबे वक्त गुजर जाने के बाद भी सड़क सुविधा से वंचित थे। किसी के बीमार होने पर खटोली के सहारे अस्पताल ले जाना पड़ता था। बेटियों की बारात किसी के द्वार पर नहीं लग पाती थी। इस स्थिति को देखते हुए 3-4 साल पहले युवाओं के उत्साह से श्रमदान कर कच्ची सड़क का निर्माण किया गया था। इसमें बड़ा सहयोग युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह का भी मिला। मगर इसके लगातार सूर्खियों में छाए रहने के बाद भी किसी भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के स्तर से इसको बेहतर बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया नहीं जा सका था। श्रमदान से बनी कच्ची सड़क रामनगर के साथ ही मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ से जुड़े कई पठारी गांव के लोगों के लिए प्रखंड मुख्यालय व अंतरराज्यीय मुख्य मार्ग से संपर्क का बड़ा माध्यम हो गया है। इसमें रामनगर के ग्रामीणों के साथ ही इनके अलावा फुलेंद्र कुमार, संजय, श्यामबिहारी, विकास, विजय, धीरेंद्र, दिनेश, अंगद, अमर, राकेश, दीपक, पंकज, विशु, सिद्धार्थ और सत्येंद्र यादव सहित सभी ग्रामीणों का श्रमदान और सहयोग सार्थक बना है।

### मंत्री राधा कृष्ण किशोर पलामू जिला प्रशासन के साथ पहुंचे पांकी

# वर्षों से बंद अमानत बराज योजना को शुरू करने को लेकर अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच हुई चर्चा





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर पलामू जिला प्रशासन के साथ गुरुवार की दोपहर पांकी अमानत बराज पहुंचे। वहां उन्होंने विगत 20 वर्षों से बंद पड़े अमानत बराज योजना को शुरू करने को लेकर विशेष पहल की। इस दौरान उन्होंने बराज का अवलोकन करते हुए स्थानीय लोगों से उनकी समस्याओं को सुना, साथ ही विभागीय अधिकारियों से इस योजना को तत्काल शुरू करने और इस दौरान उत्पन्न विभिन्न समस्याओं को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। बातचीत के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए तत्काल इस योजना को शुरू करने के लिए उन्हें सहयोग करने की अपील भी की, ताकि इसका लाभ पांकी समेत अन्य प्रखंड के लोगों को मिल सके। झारखंड मंत्री ने जिला प्रशासन को कैंप लगाकर जमीन संबंधित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया, जिसके बाद तत्काल पलामू उपयुक्त ने आगामी 30, 31 व 1 फरवरी को कैंप के माध्यम से लोगों के जमीन संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए आमंत्रित किया। मंत्री ने बातचीत के दौरान पत्रकारों को बताया कि यह झारखंड की बहुत बड़ी योजना है। इस योजना के शुरू होने से प्रखंड क्षेत्र का जलस्तर तो बढ़ेगा ही, साथ ही झारखंड के किसानों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से जल्द ही कुछ समस्याओं का समाधान कर योजना को शुरू किया जाएगा। मंत्री के साथ उपायुक्त शशि रंजन, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा समेत जिला के कई पदाधिकारी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# पीएचडी पूर्व प्रस्तुति संगोष्ठी में राणा अरुण सिंह व अमित सिंह ने शोध किए प्रस्तुत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय परिसर में पीएचडी पूर्व प्रस्तुति संगोष्ठी आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. विनोद पाठक ने की। इस अवसर पर दो शोधार्थियों ने अपने शोध प्रबंध प्रस्तुत किए। शोधार्थी अमित कुमार सिंह ने डॉ. अवध किशोर पांडेय के निर्देशन में विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किए। दूसरे शोधार्थी राणा अरुण कुमार सिंह ने डॉ. राजेंद्र सिंह के निर्देशन में अपना शोध प्रस्तुत किए। प्रस्तुति के दौरान दोनों ने शिक्षकों व शोधार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी - अपनी शोध सामग्री को संतोषजनक रूप से स्पष्ट किया। विभागीय शोध परिषद ने दोनों शोधार्थियों के शोध प्रबंध को स्वीकृत करते हुए विश्वविद्यालय में जमा करने की अनुशंसा की। इस संगोष्ठी में कई विद्वान व शिक्षाविद शामिल हुए। इनमें डॉ. अवध किशोर पांडेय, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. बिरेन्द्र कुमार, डॉ. संजय बारा, डॉ. संगीता कुजुर, डॉ. भुवना राम, डॉ. जगदीश्वर पांडेय, डॉ. कुर्रतुल्लाह, डॉ. भावना सिंह, डॉ भीम राम, डॉ आरके झा प्रमुख थे। इसके अतिरिक्त, इतिहास, मनोविज्ञान, भौतिकी व अर्थशास्त्र जैसे विभिन्न विभागों के सदस्य भी उपस्थित थे।

# किताबी ज्ञान से ज्यादा सामाजिक ज्ञान की आवश्यकता : दीक्षा कुमारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केंद्र पलामू द्वारा पराक्रम दिवस के अवसर पर भाषण और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सुपर साइंस एक्सीलेंस कोचिंग संस्थान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की फाउंडर निकिता कश्यप और डायरेक्टर गौरी पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर और फूल माला चढ़ाकर किया। निकिता कश्यप ने कहा यह कार्यक्रम छात्रों में जागरूकता लाने का काम करेगा। सुभाष चंद्र बोस जैसा देश प्रेम की भावना को पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन से जितना हो उतना दूरी बना लेना चाहिए। कार्यक्रम में विजेता रही प्रीति विश्वकर्मा, सरस्वती कुमारी, कोमल कुमारी, क्रिस्टी कुमारी, रौशन कुमार, ईशा खातून को दीक्षा कुमारी ने बधाई दी। कहा कि छात्रों को अभी के समय में किताबी ज्ञान से ज्यादा सामाजिक ज्ञान की आवश्यकता है। वर्तमान समय में छात्रों को अपने चरित्र निर्माण पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि आज जो विद्यार्थी हैं वही कल बड़े होकर समाज के सभ्य नागरिक बनेंगे। मौके पर अभिषेक कुमार, राहुल कुमार प्रजापति, हारुन अंसारी, कामरान राजा, नेहा कुमारी शाहिना खातून कोमल कुमारी सहित संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने संविधान पर लगातार किया कुठाराघात : सीपी सिंह



**भाजपा ने मनाया संविधान गौरव दिवस**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय आंबेडकर पार्क में भाजपा ने संविधान गौरव अभियान के तहत संविधान गौरव दिवस मनाया। कार्यक्रम में पूर्व स्पीकर सह रांची विधायक सीपी सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। उन्होंने सर्वप्रथम संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर समेत कई अन्य गणमान्य लोगों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा व समृद्ध संविधान है। यह भारत के लोकतंत्र में बसा है, इसीलिए भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी यानी लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। कांग्रेस ने हमेशा संविधान के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। आज भी यही काम उनके द्वारा लगातार जारी है। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान 75 बार संविधान में संशोधन करने का कार्य किया। कांग्रेस हमेशा संविधान पर कुठाराघात करते रही। उन्होंने कहा कि 356 का दुरुपयोग कर विपक्ष की सरकार को बर्खास्त कर लोकतंत्र को कुचलना का कार्य भी कांग्रेसी व यूपीए की सरकारों ने ही किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज के शोषित दलित वंचित गरीब आदिवासी तथा महिला के उत्थान एवं विकास के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि संविधान का निर्माण किसने किया तथा संविधान के हिसाब से देश को चलाने का काम किसने किया। भाजपा ने ही डॉ. आंबेडकर को सही रूप में मरणोपरांत भारत रत्न देकर सम्मानित किया। कांग्रेस आज संविधान बचाने के बाद करती है, जबकि सर्वाधिक संविधान में बताए गए कानून का हनन कांग्रेस ने ही करने का काम किया है। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा संवैधानिक मूल्यों में विश्वास रखने वाली पार्टी है। भारतीय संविधान प्रजातंत्र का मूल मंत्र है और राष्ट्र का नवनिर्माण इसी के माध्यम से होता आ रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व स्पीकर ने अपने उद्‌बोधन से पूर्व उपस्थित सभी भाजपा को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, अमलेश्वर दुबे अविनाश वर्मा अजय तिवारी पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह,शिवकुमार मिश्रा, दुर्गा जौहरी, रामलव चौरसिया सहित काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की। संचालन भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष सतीश पासवान ने किया।

# जीवन में स्पेशलाइजेसन का होना महत्वपूर्ण : कर्नल संजीव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बेतला रोड डालटनगंज के प्रांगण में कर्नल संजीव कुमार प्रोजेक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव हेड (नेशनल एंड इंटरनेशनल), आशुतोष कुमार एडमिनस्ट्रेटिव ने कालेज के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लगातार कॉम्पिटेटिव फॉर्म भरते रहना चाहिए, जिससे उनका भविष्य में कंपटीशन का प्रश्न प्रारूप के साथ हमेशा कुछ नया सीखने को मिले। स्टूडेंट को जिस फील्ड में इंटरेस्ट है, उसमें वह सबसे अच्छा कर सकता है। उन्होंने डिफेंस की सभी जानकारी छात्रों से साझा किया। छात्रों को बताया कि जीवन में किसी भी फील्ड में स्पेशलाइजेसन का होना बहुत ही महत्वपूर्ण है। बच्चों को हमेशा कुछ नया करने की जिद होनी चाहिए। मौके पर डीएवी आईईटी के प्राचार्य डॉ संजीव श्रीवास्तव, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डॉ सुमित कुमार अग्रवाल साथ सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# नेताजी का देश की आजादी में अहम भूमिका : बिट्टू पाठक

**कांग्रेस ने सुभाष चंद्र बोस को याद किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती कांग्रेस भवन में मनाई गई। सर्वप्रथम सभी कांग्रेसियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर फूल माला अर्पण करके उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती है। देश की आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। ब्रिटिश शासन से देश की आजादी की लड़ाई के दौरान नेताजी के दिए नारों ने देशभक्ति की अलख जगा दी थी। 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा', 'जय हिन्द', 'दिल्ली चलो'। इसमें से 'जय हिंद' का नारा राष्ट्रीय नारा बन गया। देश की आजादी के लिए सुभाषचंद्र बोस ने 1943 में सिंगापुर में आजाद हिंद फौज सरकार की स्थापना की। देश की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अहम भूमिका रही थी। आज भी देश के युवाओं के वह प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि आज भी देश के सम्मान के लिए देशवासी अपनी प्राणों की लहू देने को तैयार रहते हैं। मौके पर २० सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, शमीम अहमद राईन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, जीतेंद्र कमलापुरी, सत्येंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, चिंतामणि तिवारी, मिट्ठू खान, राजेश चौरसिया, छोटू कुमार, अजय साह, उमेश यादव, देवगन शुक्ला, सौरभ पांडेय, छोटू पाठक, अभिषेक चौधरी, मुकेश सिंह, अनिल सिंह सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।




# बंगाली समाज ने नेताजी को किया याद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर गुरुवार को शहर में बंगाली समाज के द्वारा कई कार्यक्रम किए गए। बंगाली समाज द्वारा संचालित दो प्रमुख संस्था बंगीय दुर्गा बाड़ी व बंगाली समिति के बैनर तले स्थानीय सुभाष चौक पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के कई लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक संस्था आईपीटीए व मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा जनवादी गीत भी प्रस्तुत किए गए। सबसे पहले आईपीटीए के पलामू जिला अध्यक्ष सह प्रमुख काष्ठ कला कलाकार प्रेम भसीन व दुर्गा बाड़ी के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कलाकारों ने सोने वाले जाग समय अंगराया है और शहीदों तेरे अरमानों को हम मंजिल तक पहुंचाएंगे जनवादी गीत प्रस्तुत किया। दुर्गा बाड़ी के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा ने कहा कि वर्तमान समय में जब हम आजाद है तब भी नेताजी प्रासंगिक है। क्योंकि उन्होंने न सिर्फ देश को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया, बल्कि साथ साथ अपने अदभुत सांगठनिक बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए युवाओं के अंदर एक करंट पैदा किया। कार्यक्रम में दुर्गा बाड़ी व बंगाली समिति से आशीष दशगुप्ता, पार्थ प्रतिम गुप्ता, गौतम घोष, अमर कुमार भांजा, आइपीटीए से मोहम्मद सब्बीर, प्रेम प्रकाश, अजीत कुमार, संजीत दुबे, रवि प्रकाश, अमित कुमार भोला, मैग से मोहम्मद नसीम, अविनाश तिवारी, संजीव सिंह, आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी ने किया।



## गरीबों के बीच किया गया कंबल वितरण

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडो में पीएलभी के माध्यम से जरूरतमंद गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बता दें कि बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गरीब व बेसहारा लोगों के बीच कंबल वितरण का निर्णय लिया था। इस कड़ी में सुदूरवर्ती क्षेत्र रामगढ़, पाण्डु, विश्रामपुर, पंडवा, चैनपुर, पोलपोल, नीलांबर पीतांबरपुर समेत दर्जनों गांव में पीएलवी के माध्यम से कंबल का वितरण किया गया। गरीबों के हित में डालसा हमेशा कार्य करता है। इस कड़ी में कंबल का भी वितरण किया गया है, ताकि ठंड में लोगो को राहत मिल सके। इस संबंध में डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के अलावा सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष कंबल वितरण पीएलवी को जरूरतमंद गरीब को चिन्हित कर कराया गया है, जिससे जरूरतमंद लोग को इसका लाभ मिल सके।

# आनंदमार्ग प्रचारक संघ का तीन दिवसीय प्रथम संभागीय सेमिनार आज से

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आनंदमार्ग प्रचारक संघ के तत्वावधान में रांची-गया डायसीस का साल का प्रथम संभागीय सेमिनार 24, 25 व 26 जनवरी 2025 को आनंदमार्ग स्कूल नई मुहल्ला में आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम में रांची, गया, पलामू, लातेहार और गढ़वा सहित विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों आनंदमार्गियों के भाग लेने की संभावना है। सेमिनार का उद्घाटन शुक्रवार को प्रातः पांचजन्य से होगा। सेमिनार में 24 घंटे भजन, कीर्तन और साधना के साथ योग, मनोविज्ञान और जल संकट को दूर करने के उपायों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रस्तावित सेमिनार में मुख्य प्रशिक्षक देवनाथ जी, सह प्रशिक्षक वैद्यनाथ जी, विजय, विश्वनाथ जी, रामलखन जी, रामजन्म जी, मधु देवी, सुविद्या दीदी होंगी। सेमिनार का आयोजन भुक्ति समिति पलामू द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज और पर्यावरण से जुड़े विषयों पर भी विशेष चर्चा होगी। आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक जागरूकता बढ़ाना है। इसके अलावा जल संकट जैसे ज्वलंत मुद्दों के समाधान पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। सेमिनार का समापन रविवार को होगा।

## अवकाश प्राप्त शिक्षक बलराम तिवारी नहीं रहे

**मेदिनीनगर।** अवकाश प्राप्त शिक्षक बलराम तिवारी सुपुत्र स्व राम अवतार तिवारी का देहांत 16 जनवरी को उनके पैतृक आवास करुआ कला (गढ़वा) में हो गया। वह 89 वर्ष के थे। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। अवकाश प्राप्त करने के बाद बलराम तिवारी अपने लड़के के साथ मेदिनीनगर के न्यू एरिया हमीदगंज मुहल्ला में रह रहे थे। अपने उदार हृदय और दान प्रियता के कारण लोकप्रिय थे। वरिष्ठ नागरिकों से ज्यादा घुल मिल गए थे। उनके देहावसान की खबर से उनके सभी संगी-साथियों में शोक की लहर दौड़ गई। बीएन कालेज परिसर में अवस्थित पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की गई। मंदिर निर्माण और लड़कियों की शादी में दिल खोलकर सहयोग करने के लिए उन्हें याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा में कमलेश्वर तिवारी, शिव प्रसाद सिंह, कुंडल सिंह, बंगाली दादा, शंकर सिंह, महेंद्र सिंह, श्याम नारायण सिंह, राजेश्वर सिंह, रविन्द्र सिंह, सोमनाथ तिवारी बंशी सिंह, जगेश्वर सिंह, शिवजी सिंह, वीरेन्द्र सिंह, नवल सिंह आदि काफी संख्या में उनके प्रशंसक उपस्थित थे।वहीं कवि हरिवंश प्रभात, राम विनय तिवारी ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# जिला स्तरीय बालक-बालिका जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 5 व 6 फरवरी को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्ववाधान में पलामू जिला स्तरीय बालक-बालिका जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 5 व 6 फरवरी 2025 को किया गया है। यह प्रतियोगिता जीएलए कॉलेज एथलेटिक्स स्टेडियम डालटनगंज के मैदान में होगा। प्रतियोगिता में पलामू जिला के सरकारी, प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, क्लब के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता प्रातः 10 बजे से प्रारंभ शुरू होगा। प्रतियोगिता अंडर 14 वर्ष, अंडर 16 वर्ष, 2 आयु वर्ग में किया जाएगा। मैट्रिक पास प्रतिभागी उम्र प्रमाण के रूप में मैट्रिक के प्रमाण पत्र जिसमें उम्र का विवरण हो और मैट्रिक से नीचे वाले प्रतिभागी उम्र प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र या प्रधानाध्यापक द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र जरूर लेकर प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे। आधार कार्ड का छाया प्रति लाना अति आवश्यक है। यह जानकारी पलामू डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को सीधे जिला से नेशनल, इंटर डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक्स मीट में भाग लेने का अवसर प्राप्त मिलेगा। अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी अपने आयु वर्ग के इवेंट ग्रुप में केवल एक ही इवेंट ग्रुप में भाग लेंगे। अंडर 16 आयु वर्ग के प्रतिभागि किसी दो इवेंट में ही भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अंडर 14 वर्ष के लिए जन्मतिथि 29 फरवरी 2011 से 28 फरवरी 2013 के बीच और अंडर 16 वर्ष में जन्मतिथि 29 फरवरी 2009 से 28 फरवरी 2011 के बीच होना चाहिए। विशेष जानकारी व इंट्री के लिए 94 315 54 509 पर इच्छुक प्रतिभागी संपर्क कर सकते हैं।

**इवेंट लिस्ट : अंडर 16 बालक-बालिका वर्ग**

*60 मीटर रन, 600 मीटर रन, लंबी कूद(मात्र 5 मीटर रनवे), ऊंची कूद,शॉटपुट थ्रो '4 बालक और 3' बालिका के लिए (स्टैंडिंग पोजिशन में थ्रो), जैवलिन थ्रो।*

**अंडर 14 बालक-बालिका वर्ग**

*ग्रुप ए 600 मीटर रन, लॉन्ग जंप, हाई जंप, ग्रुप बी 60 मीटर रन, लांग जंप, बैक थ्रो (1 शॉट पुट से), ग्रुप सी 60 मीटर रन, लांग जंप 600 मीटर रन, किड्स जैवलिन थ्रो। इन चारों ग्रुप में कोई एक ग्रुप में ही प्रभिागी भाग ले सकते हैं।*

**129 वीं जयंती पर एमकेडीएवी में याद किए गए नेताजी सुभाष चंद्र बोस**

# नेताजी की प्रतिभा व देशभक्ति आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत : डॉ. जीएन खान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती धूमधाम से गुरुवार को मनाई गई। इस अवसर पर एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज डॉ. जीएन खान ने कहा कि नेताजी अद्भुत प्रतिभाशाली व उच्च कोटि के देशभक्त थे। उन्होंने उस समय की अति प्रतिष्ठित परीक्षा आईसीएस पास की, किंतु उन्हें ब्रिटिश सरकार की नौकरी स्वीकार नहीं थी। वह गांधी जी के प्रभाव में आकर भारत की स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़े और गरम दल का नेतृत्व किया। नेताजी ने भारत की आजादी के लिए कई देशों का भ्रमण कर अंग्रेजों के विरुद्ध वातावरण तैयार किया। आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन कर भारतीय आत्मबल को मजबूत किया। उनके द्वारा दिया गये नारे 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' 'दिल्ली चलो' बहुत प्रसिद्ध हुए। नेताजी का रहस्यमय निधन आज भी भारत वासियों के लिए पहेली बना है। उन्होंने छात्रों से कहा कि यदि छात्र, नेताजी की तरह प्रतिभावान, देशभक्त बने तो भारत की प्रमुख समस्या, प्रतिभा, पलायन स्वतः समाप्त हो जाएगी और भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर स्थापित हो सकेगा। एक छात्र के लिए नेताजी को समर्पित यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, मीनाक्षी करण, सीएस पांडेय, नीरज श्रीवास्तव, एके पांडेस, जीतेंद्र तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे।



# हाइवा की चपेट में आने से महिला की मौत

## दुर्घटना के बाद सड़क के दोनों लगी वाहनों की लंबी कतारें




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के एनएच 75 सड़क पर बस स्टैंड पर के पास गुरुवार दोपहर हाइवा के पहिया से दबकर एक महिला की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान गढ़वा नवाना पंचायत अंतर्गत बघमनवा गांवा के फुदेनी राम की 45 वर्षीय पत्नी शीवरानी देवी के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक महिला टेंपो पर गढ़वा जाने के लिए बैठी थी। इस बीच टेंपो चालक रस्सी खींचकर टेंपो स्टार्ट कर दिया। लेकिन टेंपो गेयर में रहने के कारण स्वतः आगे की ओर बिना ड्राइवर के बढ़ते हुए सामने पड़े एक पत्थर पर चढ़ कर अनियंत्रित होने से उक्त महिला सड़क पर गिर गयी। इस दौरान गढ़वा से बंशीधर नगर की ओर जा रही कोयला लदा हाइवा के पिछले चक्का के नीचे महिला का सिर आ जाने से घटना स्थल पर ही कुचल कर मौत हो गई। घटना के बाद दोनों चालक अपने अपने वाहन को छोड़कर भाग गए। घटना के बाद मौके पर देखने वाले लोगों की काफी भीड़ लग गई। दोनों ओर गाड़ी की लंबी कतारें लग गयी। घटना की सूचना पर मेराल थाना प्रभारी विष्णु कांत ने एएसआई अखिलेश्वर सिंह को पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेजा। वहां पुलिस ने उक्त टेंपो को कब्जे में लेकर शव को अंतः परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। आए दिन इस तरह की हो रहे दुर्घटना व घटना को लेकर स्थानीय लोगों व व्यवसायियों में काफी आक्रोश है। व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने बताया कि मेराल बस स्टैंड एनएच 75 पर व चौराहा पर टेंपो लगाने, सब्जी दुकान तथा ठेला खोमचा लगाने से भीड़ होने पर लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। एनएच 75 सड़क होने के कारण छोटी बड़ी भारी भरकम वाहनों को लगातार आना जाना लगा रहता है।

# सीएचसी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन धुरकी चिकित्सा प्रभारी डॉ.रत्नेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा दीप जलाकर किया। मौके पर डॉक्टर रत्नेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी तरह के बीमारियों का इलाज एक ही जगह पर मिल सके, जिसमें विभिन्न बीमारियों का इलाज तथा जांच व दवा उपलब्ध रहता है। जनप्रतिनिधि भी इसे जागरूकता लाने के लिए लोगों में संदेश दें। खासकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान कार्ड जो, 5 लाख तक लोगों को फ्री में इलाज किया जाता है वह जरूर बनवाएं। स्वास्थ्य मेले में सभी तरह के इलाज व जांच के लिए स्टॉल लगे हुए थे जिसमें दंत चिकित्सा,आंख नाक कान, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी जांच केंद्र, आईसीटीसी, परिवार नियोजन कार्यक्रम, योग काउंटर, आयुष्मान कार्ड, मलेरिया फाइलेरिया, कुष्ठ जांच, एनसीडी की जांच, सहित टीकाकरण आदि का स्टॉल लगा था। मौके पर मनोज कुमार व सभी तकनीशियन सीएचओ नर्स व स्वास्थ्य विभाग के सभी स्टाफ मौजूद थे।

# प्रताड़ित और दुर्व्यहार करने की शिकायत की

**भवनाथपुर।** झारखड बिजली वितरण लिमिटेड बिजली विभाग के एसडीओ व जेई द्वारा दिव्यांग को प्रताड़ित एवं दुर्व्यहार करने को लेकर दिव्यांग खरौंधी मोड़ निवासी आनन्द पासवान ने भवनाथपुर थाना में आवेदन दे कर कारवाई की मांग की है। दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि मेरे माता-पिता का देहांत पिछले हो गया है। घर का एकलौता होने के साथ वह दिव्यांग है। परिवार का भरण पोषण किसी तरह से करता हूँ। पिता स्व. भीखारी दुसाध के नाम से बिजली कनेक्शन था, जिसका बजली बिल बकाया के कारण मिस्त्री द्वारा मेरा बिजली 6 महिना पूर्व काट दिया गया था। जिसके बाद मैं आज तक बिजली उपयोग नही कर रहा हूं। 21 जनवरी को विभाग के एसडीओ और बिजली विभाग के जेई सुधीर बांडू जांच में आए, और मेरे द्वारा बिजली उपयोग नहीं करने के बावजूद मेरे ऊपर 29,127 रूपए का वसूली का थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दिया। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा आनंद पासवान पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

## एक नजर

### प्रखंड में झंडोत्तोलन के लिए समय निर्धारित

**डंडई।** गणतंत्रता दिवस के झंडोत्तोलन को लेकर बीडीओ देवलाल करमाली ने बुधवार को प्रखंड के जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध ग्रामीणों के साथ बैठक कर विभिन्न क्षेत्रों में ध्वजारोहन का समय सारणी निर्धारित कर दिया। कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में बीडीओ ने विचार-विमर्श के बाद झंडोत्तोलन का समय निर्धारण कर दिया। प्रखंड कार्यालय पर प्रात 8 बजे, थाना परिसर में 8:15 बजे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 8:30 बजे ,पशु चिकित्सालय पर 9:00 बजे, बीआरसी कार्यालय पर 9:15 बजे, आंबेडकर चौक पर 9:45 बजे, किसान उच्च विद्यालय परिसर में 11:00 बजे और सभी पंचायत सचिवालयों पर 10:15 बजे के साथ सबसे अंत में प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 10:30 बजे झंडोत्तोल करने का निर्णय लिया गया। बीडीओ ने बताया कि झंडोत्तोलन को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ प्रखंड के प्रबुद्ध ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। इस दौरान सभी से विचार-विमर्श के बाद पूर्व के झंडोत्तोलन की तिथि को ही इस बार के लिए भी तय कर दिया गया। उन्होंने झंडोत्तोलन स्थल पर सभी को विशेष साफ-सफाई पर ध्यान देने का निर्देश दिया।

### मुखिया ने किया बच्चों के बीच खेल सामाग्री का वितरण



**कांडी।** खुटहेरिया पंचायत में मुखिया अनिता देवी,पंसस अभिनंदन शर्मा व उपमुखिया अतीस सिंह ने संयुक्त रूप से खेल सामग्री का वितरण किया। इस संबंध में मुखिया अनिता देवी ने बताया कि पंचायत के सभी 14 वार्ड व सभी सात स्कूल में खेल सामग्री का वितरण किया गया। खेल सामग्री के तहत बच्चों को किक्रेट खेलने के लिए बल्ला,गेंद व विकेट दिया गया। फुटबॉल खेलने के लिए फुटबॉल दिया गया। शतरंज, लूडो,कैरम, फ्लाई डीश, स्किपिंग रस्सी सहित अन्य खेल सामग्री दिया गया। मुखिया ने बताया कि बच्चों के सार्वांगिण विकास के लिए बराबर पंचायत के बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया जाता है। खेल सामग्री पाने के बाद बच्चों में खुशी देखी गई। मौके पर वार्ड सदस्य रेखा देवी, वार्ड प्रतिनिधि राजेन्द्र ठाकुर, रोजगार सेवक शिवशंकर राम, उदल राम, राजगृह प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# परसवान ने चांदनी टीम को 24 रनों से पराजित किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह हाईस्कूल के मैदान में आयोजित शहीद नीलांबर-पितांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 8 के पांचवें मुकाबला में परसवान टीम ने चांदनी टीम को 24 रनों से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए परसवान (रमना) की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 158 रन का स्कोर बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी चांदनी की टीम निर्धारित ओवर में 10 विकेट खोकर 134 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले परसवान टीम के खिलाड़ी शिवम को मैन ऑफ द मैच का खिताब उद्घाटनकर्ता पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने दिया। दोनों टीम के कप्तान को संविधान का खिताब देकर सम्मानित किया गया। मैच में एंपायरिंग की भूमिका रमेश रजक और कुश वर्मा ने निभाई। कमेंट्री लव वर्मा और डॉ. मौर्या ने किया। मैच को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या दर्शक मौजूद थे। मौके पर अध्यक्ष संजय वर्मा, देव कुमार ठाकुर, कमलेश कुमार, संजीव गुप्ता, संतोष रजक, अंगद मेहता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अनुपयोगी भवन घोषित होने के बाद भी कार्य करने को विवश है प्रखंड सह अंचल कर्मी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** जर्जर भवन में जान जोखिम में डालकर काम करने को विवश है प्रखंड सह अंचल कर्मी। यदि समय रहते पूरी तरह से जर्जर भवन से प्रखंड कार्यालय को स्थानानंतरित नहीं किया गया तो, किसी दिन दुर्घटना से इंनकार नहीं किया जा सकता। इस भवन में प्रखंड सह अंचल कार्यालय का उदघाटन हुए 19 वर्ष हो गया। इतने ही वर्ष में इस सरकारी भवन ने दम तोड़ दिया। इस भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसे उनुपयोगी घोषित कर दिया गाया है। इसके बावजूद भी प्रखंड सह अंचल कर्मी का कार्यालय इसी जर्जर भवन में चल रहा है। इस भवन का उदघाटन वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, विधानसभा अध्यक्ष इन्दर सिंह नामधारी, जल संसाधन, खाद आपूर्ति एवं वाणिज्य मंत्री कमलेश कुमार सिंह, विधायक भानू प्रताप साही, रामचंद्र चंद्रवंशी, राधाकृष्ण किशोर की उपस्थिति में हुआ था। इस संबंध में अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय ने बताया कि भवन की जर्जर स्थिति है। कब क्या होगा कौन जनता है, लेकिन इस संबंध में विभाग को सूचना देने के बावजूद भी जान जोखिम में डालकर कार्य करने को विवश हैं। साथ ही इस जर्जर भवन में अंदरूनी डेकोरेशन में सरकार का जो खर्च आया है वो सब व्यर्थ हो जायेगा। प्रत्यक्षदर्शी एक ग्रामीण ने बताया की एक दिन वह बरामदा में खड़े थे, इस दौरान छत का मलबा उनके पीछे गिरा और वह बाल-बाल बच गयें।

## न्यूज बॉक्स

### नेताजी के जीवन से प्रेरणा लें: रास बिहारी

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज आफ फामेर्सी के सभागार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, संरक्षक डॉ. अनिल साह, विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन, जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, मुखिया रामसागर महतो, मनदीप सिंह, निदेशक वीरेंद्र साह, रूपु महतो, प्रिंसिपल श्रीकांत चौबे, ब्रजेश कुमार मिश्र, प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर रासबिहारी तिवारी ने कहा कि नेताजी ने भारत को आजादी दिलाने के लिए तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिंद जैसे नारों से आजादी की लड़ाई को नई उर्जा दी। उन्होंने युवाओं को नेताजी की जीवनी से प्रेरणा लेकर राष्ट्र हित को अपनाने की सलाह दी। नागेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज ने नेताजी के आजाद भारत के सपनों को पूरा करने तथा पुनः विश्व गुरु बनाने की ओर प्रयत्नशील हैं। इस मौके पर डॉ अनिल शाह और लालमोहन ने भी अपना-अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले कॉलेज परिवार द्वारा उपस्थित लोगों कौनअंग वस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने स्वदेशी का संकल्प लिया । इस अवसर पर राज्य मीडिया प्रभारी संतोष पांडेय, विवेकानंद पांडे, प्रखंड सह प्रभारी रविंद्र प्रसाद गुप्ता, मदन यादव, रामाकांत प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस झंडोत्तोलन कार्यक्रम का समय तय

**खरौंधी।** प्रखंड के मझिगावां पंचायत सचिवालय में बुधवार को गणमान्य लोगों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मुखिया बिंदा देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम पंचायत सचिवालय में सुबह 9:30 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत के विकास और सामाजिक एकजुटता पर भी चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित बीडीसी सदस्य कृष्णा राम, उपमुखिया प्रतीक कुमार द्विवेदी, रोजगार सेवक आनंद कुमार गुप्ता, समसुद्दीन अंसारी, पंकज कुमार, और महेंद्र राम सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने सुझाव दिए। मुखिया बिंदा देवी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान और लोकतंत्र का प्रतीक है, और इसे पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने सभी पंचायत वासियों से अपील की कि वह इस ऐतिहासिक दिन पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। पंचायत के लोगों में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है।

### रामेश्वर नाथ अनंत कामना पूर्ति मंदिर का दूसरा वर्षगांठ मना

**विश्रामपुर।** थाना परिसर में स्थित रामेश्वर नाथ अनंत कामना पूर्ति मंदिर का दूसरा वर्षगांठ गुरुवार को धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की गई। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बताते चले कि इस मंदिर की स्थापना 23 जनवरी 2023 को हुई थी। मंदिर निर्माण में तत्कालीन एएसआई अनंत कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया था। उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग से भव्य शिव मंदिर का निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष में पूरा करा लिया था। विशेष पूजा-अर्चना के बाद भंडारा का भी आयोजन किया गया, जिसमे सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, एएसआई अनंत कुमार सिंह, विनोद विश्वकर्मा,पंडित अच्युतानंद पांडेय,अशोक दुबे,गोपाल सोनी,राजन पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन 500 मरीजों को जांच के बाद दवा दी गई




**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार, प्रमुख सुनैना देवी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.असजद अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर तथा दीप जलाकर किया। मौके पर डॉक्टर असजद अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी तरह के बीमारियों का इलाज एक ही जगह पर हो। मेला में विभिन्न बीमारियों का इलाज, जांच व दवा उपलब्ध रहता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी अधिक से अधिक लोग मेला में आकर अपना जांच करा कर स्वास्थ्य का लाभ लें। आयुष्मान कार्ड 5 लाख तक लोगों को फ्री में इलाज किया जाता है, वह जरूर बनवाएं। मेला में अरविंद यादव मोहम्मद फरीद सहित कई लोगों ने संबोधित किया। स्वास्थ्य मेला में दंत चिकित्सा, आंख, नाक, कान, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी जांच केंद्र, आईसीटीसी, परिवार नियोजन कार्यक्रम, योग काउंटर, आयुष्मान कार्ड, मलेरिया फाइलेरिया, कुष्ठ जांच, एनसीडी की जांच सहित टीकाकरण आदि का स्टॉल लगा था। स्वास्थ्य मेला में 500 लोगों ने विभिन्न तरह के बीमारियों का इलाज कराया। मौके पर अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव, झामुमो नेता मोहम्मद फरीद, अरविंद यादव, भाजपा नेता कपिल प्रसाद, डॉक्टर अविनाश कुमार, थाना प्रभारी अमित कुमार, डॉक्टर रुखसार परवीन, डॉ दिनेश, डॉक्टर कृष्ण कुमार, डॉक्टर गोरखनाथ पांडे,डॉक्टर भानु प्रताप, डॉक्टर प्रीति सिंह तिवारी, सहित सभी तकनीशियन, सीएचओ, नर्स व स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ मौजूद थे।

# सात लोगों पर मारपीट का अरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के पतरिया पंचायत अंतर्गत जतरो गांव में गुरुवार को दो पक्षों के बीच मारपीट में एक युवक सरयू राम का पुत्र अखिलेश राम गंभीर रूप से घायल हो गया। कई अन्य आंशिक रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए इंजुरी काटकर दे दी है। उक्त मामले को लेकर सरयू राम ने थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। थाना को दिए आवेदन में कहा कि परिखा रजवार मेरे रैयती जमीन पर घर बना रहे थे। जब वह मना करने गया और कहा कि दस दिनों तक आप मकान नहीं बनाइये मेरा कागज आ जाएगा तो सरकारी अमीन से मापी करने के बाद आप मकान बनाइएगा, लेकिन वह लोग नहीं माने और मारपीट करने लगे। मारपीट में मेरा पुत्र सहित परिवार के कई लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने इंजुरी रिपोर्ट काटकर दे दी है कि पहले घायल का इलाज कराइए। सूचक सरयू राम ने सात लोगों पर मारपीट करने का आरोप अपने आवेदन के माध्यम से लगाया है।

### खेल दिवस पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**चैनपुर।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र नावाडीह दीप्ति निकेतन उच्च विद्यालय में खेल दिवस के अवसर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान व दीप्ति निकेतन के सचिव सिस्टर सेबेस्टिना ने दीप जलाकर व मशाल प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा परेड, मार्च पास्ट और ड्रिल भी किया गया। स्कूल के प्राचार्य सिस्टर सेबेस्टिना ने स्कूल के इतिहास पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के उद्देश्य से इस विद्यालय की शुरूआत 1981 में की गई थी। आज इस विद्यालय के कई छात्र छात्राएं कई क्षेत्रों में विधालय का नाम रौशन कर रहे हैं। खेलकूद प्रतियोगिता के बाद विद्यालय के टॉपर सहित अन्य क्षेत्र में बेहतर करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। मौके पर रामगढ़ के बीपीओ रोहित कुमार, विद्यालय के शिक्षक सिस्टर ललिता, सिस्टर सुजीता,सिस्टर रीमा,सिस्टर नीलिमा, सिस्टर फिलोमिना, सिस्टर शशि सहित अन्य शिक्षक, अभिभावक व बच्चे शामिल थे।

# विद्या मंदिर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मना



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर में नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती का शुभारंभ भारत माता, ओम, मां शारदे व सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, अभिभावक देव कुमार, नीतू देवी ने दीप जलाकर व पुष्पार्चन कर संयुक्त रूप से किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि नेता जी में देश प्रेम और साहस कूट-कूट कर भरा था। कम समय में ही देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिए। आजाद हिंद फौज की स्थापना कर युवकों में नया उत्साह कर दिए। आचार्या नीति कुमारी ने कहा कि नेता जी का उद्घोष था 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा'। सुभाष चंद्र बोस के जीवन के विभिन्न पहलुओं एवं घटनाओं का वर्णन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य कौशलेंद्र झा, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, अविनाश कुमार, नीरज सिंह, सुजीत कुमार दुबे, नंदलाल पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, सत्येंद्र प्रजापति, प्रसून कुमार, रूपेश कुमार, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, कृष्ण मुरारी, उमेश कुमार, अंकित जैन, प्रदीप कुमार गुप्ता, दीदी नेहा कुमारी, तन्वी जोशी, रेणु पाठक, प्रियम्बदा, सलोनी, कक्षा 9 के भैया का मुख्य भूमिका रहा है।

## आस्था

### 24 से 28 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन

# कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने लिया भाग, अभिमंत्रित जल को किया स्थापित




**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के सनातनी हिंदुओं के तत्वावधान में कांडी में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर सनातनी हिंदू समाज के लोगों से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में शामिल होकर नटवर नागर लीलाधारी श्री कृष्ण कथा सुनने की अपील की गई है। आयोजकों में शामिल कांडी पंचायत के मुखिया विजय कुमार सहित अन्य लोगों ने कहा कि श्री राधा रानी जी की असीम कृपा एवं पितृ देवों के अतुलित आशीर्वाद से कण-कण में निहित श्री कृष्ण जी की लीलाओं के रसपान के लिए श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है। सभी सनातनी हिंदुओं से अपील की गई है कि इस कार्यक्रम में सपरिवार पधार कर श्री ठाकुर जी की लीलाओं से अवगत हों। गुरुवार को इस कार्यक्रम को लेकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। सोन नदी से अभिमंत्रित जल लाकर कथा स्थल पर पवित्र कलशों को स्थापित किया। जबकि 24 से 28 जनवरी तक संध्या 6:00 बजे से रात्रि 9:00 तक प्रतिदिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे पंडित कुंज बिहारी शुक्ल के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा कही जाएगी। यह कार्यक्रम टेंपल इन वॉटर (जल मंदिर) के प्रांगण में आयोजित किया गया है। जबकि 29 जनवरी 2025 को हवन यज्ञ, पूणार्हुति एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की सनातनी हिंदुओं से अपील की गई है।

### मध्यान भोजन कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रथम बंसती देवी व द्वितीय बुधनी देवी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय रणपुरा सीआरसी रणपुरा में पीएम पोषण मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 के तहत संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल संसाधन केंद्र रणपुरा के अंतर्गत सभी विद्यालयों के रसोइया ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मंदीप राम सीआरपी रणपुरा द्वारा किया गया। इस कुकिंग प्रतियोगिता में झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मेनू के अनुसार निर्धारित समय में उत्तम क्वालिटी का भोजन तैयार कर रसोईया द्वारा प्रदर्शित किया गया। सभी स्टॉल पर निर्णायक मंडली द्वारा मध्याह्न भोजन, जो रसोईया द्वारा निर्मित किया गया था, उसकी जांच की कर स्वाद चखा गया। उसके आधार पर संकुल स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान के लिए दो रसोईया का चयन किया गया। चयनित रसोईया आगामी 25 जनवरी 2025 को प्रखंड संसाधन केंद्र चिनियां में अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगी। नव प्राथमिक विद्यालय सियरालेटान की रसोइया बसंती देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मलबहरी पुरेगाड़ा की बुधनी देवी ने प्राप्त किया। रणपुरा सीआरसी के सीआरपी मंदीप राम ने विजेता को पुरस्कृत किया। उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए नामित कर चयनित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक हरिलाल यादव,सूर्यनारायण यादव,रामरेखा साह, मधुसूदन सिंह, प्लस टू उच्च विद्यालय रणपुरा के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी सहित कई शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ललित उरांव मेमोरियल विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन, बच्चों ने सीखा देशप्रेम का पाठ

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** भरनो स्थित शैलपुत्री फाउंडेशन द्वारा संचालित ललित उरांव मेमोरियल विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता शकुंतला देवी और विद्यालय के संचालक विनय केशरी ने सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर शकुंतला देवी ने नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की बात कही। विद्यालय के निदेशक विनय केशरी ने छात्रों और शिक्षकों के साथ नेताजी की आजाद हिंद फौज और उनके संघर्षपूर्ण जीवन के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए विभिन्न



प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक बिमला कुजूर, अनीता बरला, विकास गुप्ता, दीपशिखा गुप्ता, सुमन तिर्की, शिवंकी केशरी और मालती कुमारी समेत अन्य शिक्षक व सभी स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# लेटाबेड़ा गांव में मंदिर निर्माण के वार्षिक उत्सव पर अखंड कीर्तन शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा ग्राम में शिव मंदिर एवं बजरंगबली मंदिर निर्माण का पहला वार्षिक उत्सव के मौके पर कलश यात्रा के बाद अखण्ड कीर्तन शुरू हुआ। इस मौके पर बाबा उमाकांत जी महराज, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, श्यामसुंदर मिश्रा, दीनबंधु शास्त्री, ललन सिंह, केशरी सिंह, मुखिया बिनोद बड़ाइक आदि को समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर लेटाबेड़ा,रेंगारीह, देवबाहर, कछुपानी, बोलबा, मालसाडा, किलेसेरा, समसेरा आदि गाँव के कीर्तन मंडली शामिल होकर कीर्तन कर रहे है।इस दौरान प0 परमेश्वर पंडा के साथ त्रिलोचन दास, पारसमणि दास, रोहित दास आदि के द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार के साथ यज्ञ करा रहे है। इस मौके पर बाबा उमाकांत जी महराज के द्वारा कीर्तन भजन एवं धार्मिक प्रवचन किया जा रहा है। बाबा ने बताया कि मनुष्य जन्म अनमोल है इसको ब्यर्थ नहीं जाने दीजिए।मनुष्य जन्म बार बार नहीं मिलता है। भगवान की भक्ति में अपने को समर्पित कीजिए, पुण्य ही साथ मे जाएगा।बाकी सब ब्यर्थ है।सांसारिक माया मोह के चक्क्रर मे लोग भटक रहा है।उन्होने आत्म ज्ञान, ब्रह्म ज्ञान, चेतना आदि के बारे बताया गया।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष हीरालाल प्रधान ने बताया कि पिछले वर्ष 22 जनवरी को यह भव्य मंदिर का निर्माण किया गया था। ग्रामीणों के निर्णय अनुसार इस वर्ष भी मन्दिर निर्माण वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा । उन्होने बताया कि यह वार्षिक उत्सव 22 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित है । जिसमें 22 जनवरी को कलश यात्रा एवं अधिवास पूजन होंगी।23 जनवरी को प्रातः में अखण्ड हरि कीर्तन, नाम यज्ञ शुरू होगी।इसके साथ ही हवन पूजन, आरती, प्रसाद वितरण होंगी। जबकि 24 जनवरी को पूणार्हुति, प्रसाद, वितरण एवं भंडारा का आयोजन होगा।

इस मौके पर समिति के लोगों ने सभी भक्तजनों से आग्रह किया है कि पूरे परिवार के साथ भारी संख्या में इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम मे भाग लेकर पुण्य का भागी बनें । इस मौके पर मुख्य अतिथि बाबा उमाकांत जी महाराज एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, श्यामसुंदर मिश्रा, दीनबंधु शास्त्री, ललन सिंह,. केशरी सिंह, बिनोद बड़ाईक एवं कई वरिष्ठ लोगों को आमंत्रित किया गया हैं । वहीं कई कीर्तन मण्डली को भी आमंत्रित किया गया है।कार्यक्रम को सफल बनाने मे हीरालाल प्रधान, रामसुभग प्रधान, पूरन प्रधान, रामलाल प्रधान, साकिन्द्र प्रधान, सेवक प्रधान, दीना प्रधान एवं समिति क लोग जुटे हुए है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल



**बसिया(गुमला)।** रांची सिमडेगा राजकीय उच्च पथ पर स्थित दक्षिणी कोयल नदी पुल पर आज फिर से एक भीषण दुर्घटना हो गई। पूरे सड़क पर इस पुल का पश्चिमी छोर ब्लैक स्पॉट के तौर पर पहले से ही चिन्हित है और सुरक्षा उपायों के अभाव के कारण एक ट्रक पुल से नीचे की ओर गिर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमडेगा से राँची की ओर जा रहे इस ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण चालक, उपचालक और साथ में बैठा एक सहयोगी बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। इस दुर्घटना की भयावहता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सभी सवारियों को गैस कटर की मदद से बाहर निकाला जा सका है। इनमें से ट्रक पर सवार चांडिल निवासी देवासीस सरकार की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि ट्रक चालक संजय शाह व उपचालक राहुल शाह की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि रात के समय चौड़ी सड़क के बीच संकरे पुल का अहसास नहीं हो पाता है और यहाँ पर प्रायः वाहन चालक भ्रम में पड़ जाते हैं। दुर्भाग्यवश चिन्हित ब्लैक स्पॉट होने और बार बार मांग किए जाने के बावजूद यहाँ पर किसी प्रकार का कोई संकेतक नहीं लगाया जा सका है। ऐसे में यह स्थान पूरे मार्ग में यह जगह दुर्घटना का सबसे बड़ा पॉईंट बन चुका है। अभी जबकि सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है तब महज एक संकेतक के अभाव में हुए इस दुर्घटना के कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# डॉ राहुल प्रताप रंजन को मिला राष्ट्रीय अशोक पुरस्कार



**गुमला।** झारखंड के डॉ. राहुल प्रताप रंजन को राष्ट्रीय अशोक पुरस्कार से नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान गोवा की जस्टिस सायोनारा टेल्स द्वारा पर्यटन, पर्यावरण और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। साथ ही, उनके पिता डॉ. बी.डी. शर्मा को वास्तु और सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ. राहुल ने द जोहार झारखंड वेबसाइट के माध्यम से झारखंड के ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों को देश-विदेश में पहचान दिलाई है। इस पहल में गुमला के प्रमुख स्थल नव रत्नगढ़, टांगीनाथ और पालकोट जैसे पर्यटन स्थलों को विशेष रूप से प्रचारित किया गया है। साथ ही, उन्होंने झारखंड की संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए हजारों फोटो और कोटेशन के माध्यम से जागरूकता फैलाई। डॉ. राहुल की टीम ने झारखंड के 24 जिलों के युवाओं को जोड़कर द जोहार झारखंड को एक नई पहचान दी। उनकी टीम ने पर्यटन के प्रचार-प्रसार के लिए कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते। टीम का अगला लक्ष्य परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का पर फिल्म बनाना और झारखंड के 5000 प्रमुख स्थलों की जानकारी इकट्ठा करना है। डॉ. राहुल द जोहार अकादमी के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे गरीब छात्रों को निशुल्क मार्गदर्शन और अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध करा रहे हैं। उनका उद्देश्य झारखंड को विश्व पटल पर एक विशेष पहचान दिलाना है।

रेफरल अस्पताल सिसई में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 2025 का भव्य शुभारंभ

# आज के परिवेश में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं लोग : प्रकाश उरांव

**लोगों से आप सभी को हमेशा नरमी से पेश आना है**

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला) ।** 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर रेफरल अस्पताल सिसई में प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता कुमारी मिंज के अगुवाई में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सिसई विधानसभा विधायक जिग्गा सुसारन होरो, जिला परिषद सदस्य उत्तरी विजयालक्ष्मी कुमारी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, भदौली पंचायत मुखिया बलमदीना देवी, सिसई पंचायत मुखिया शकुन्तला देवी, भूरसो पंचायत मुखिया रेखा देवी, सदर अंजुमन फलाहुल मुस्लिमिन सिसई सलमान अली, कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। डॉ ललिता कुमारी मिंज एवं मुख्य अतिथियों ने सम्मिलित रूप से दीपप्रज्वलित व फीता काट कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सभी मुख्य अतिथियों को डॉ ललिता कुमारी मिंज जी के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस स्वास्थ्य मेला में कुल 17 स्टॉल लगाए गए



थे। जिसमें मुख्य रूप से यक्ष्मा उन्मूलन स्टॉल, कुष्ठ रोग, जेनरल ओ पी डी, दंत व त्वचा ओ पी डी, मैटरनल हेल्थ, चाईल्ड हेल्थ, परिवार नियोजन परामर्श, एन सी डी स्क्रीनिंग, टेलीकंसल्टेशन सी बी ए सी, योगा हेल्थ एजुकेशन, किशोरी स्वास्थ्य, आयुष ओ पी डी, अंधापन ई एन टी, दवा वितरण, धुम्रपान एवं तम्बाकू नियंत्रण, लैब सेवा, भी आई ए ट्रीटमेंट, टीकाकरण, आभा आयुष कार्ड, इत्यादि। स्वास्थ्य मेला में लगभग 1659 लोग शामिल हुए। जिसमें से 545 लोगों ने अपना जांच हेतू पंजीयन कराया। 140 लोगों ने ए एन सी जांच कराया, परिवार नियोजन परामर्श के लिए 118 , कुपोषण का 31, एक्सरे - 21, एन सी डी जांच 199 , आयुष विभाग में 162, सिकल सेल जांच 80, आंख जांच 150, टी बी जांच 11 , खून जांच 76, नया आयुष्मान कार्ड 25 लोगों ने बनवाए, दवा वितरण 350 रोगियों के बीच किया गया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी गुमला डॉ गणेश राम ने समस्त स्वास्थ्य कर्मियों एवं आमजनता से अपील करते हुए कहा कि जिला में सौ दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें बढ़चढ़ कर सहयोग करें ताकि जिला को जड़ से टी बी मुक्त बनाया जा सके स्वास्थ्य मेला का मुख्य उद्देश्य। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता कुमारी मिंज ने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं एक वर्ष के बीमार बच्चों के ईलाज के लिए आने जाने का निःशुल्क व्यवस्था किया जाता है। जीवनशैली से उत्पन्न होने वाले बीमारियों के बारे में जनमानस को जानकारी देना। दूर दराज के ग्रामीणों को जो स्वास्थ्य लाभ नहीं ले पा रहे हैं वैसे लोगों को मेले के माध्यम से परामर्श व ईलाज के साथ निःशुल्क दवा का वितरण करना है। टी बी के ईलाज के लिए सभी जनमानस के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है व ईलाज के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान जो सौ दिनों का चलाया जा रहा है यह अभियान मार्च तक चलेगा क्योंकि पूरे प्रखण्ड क्षेत्र को टी बी मुक्त बनाना है। जिला परिषद सदस्य ने डॉक्टरों की कमी बताते हुए माननीय विधायक जी आग्रह किया कि स्वास्थ्य मंत्रालय से कहकर डॉक्टरों की कमी को दूर कराएं। एवं सहियाओं की कमी को भी दूर करने का प्रयास करें। विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव ने कहा कि आज के परिवेश में लोग गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। इसका कारण है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग जानकारी के अभाव में डॉक्टर के पास न जाकर नीम हकीम के चक्कर में पड़कर अपना धन और अपना शरीर दोनों ही बर्बाद कर देते हैं। जिससे उनकी बीमारी और भी गंभीर रूप ले लेती है।

# पराक्रम दिवस पर 'परीक्षा पे चर्चा' के तहत जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**गुमला।** पराक्रम दिवस के अवसर पर केंद्रीय विद्यालय गुमला में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष और प्राचार्या नीलिमा कुल्लू, शिक्षकों, वीएमसी के सदस्यों और प्रतिभागियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। स्वागत गान के साथ क्लेमेंट इंदवार और मधु मंजरी ने आए हुए अतिथियों और प्रतिभागियों का अभिवादन किया। इस अवसर पर वीरों की गाथाओं पर आधारित 5 एपिसोड का विशेष वीडियो जयप्रकाश जोशी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जो विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम में उइरए और झारखंड बोर्ड से संबद्ध 10 विद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था। मुख्य अतिथि ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होती हैं।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर छात्रों ने किया रोड शो



**गुमला।** सिसई प्रखंड स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानाध्यापिका मीणा साहू ने नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके साहस, पराक्रम और देशप्रेम की भावना से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण रहा एक छात्र का नेताजी के गणवेश में तैयार होकर विद्यालय के बैंड दल के साथ रोड शो में अगुवाई करना। बैंड की मधुर धुन पर छात्रों ने पूरे जोश के साथ मार्च पास्ट करते हुए रोड शो का आयोजन किया।

# गुमला के दो खिलाड़ियों का 38वें राष्ट्रीय खेलों में चयन, हैंडबॉल में दिखाएंगे दमखम

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी इस बार उत्तराखंड कर रहा है, जो 28 जनवरी से 14 फरवरी तक विभिन्न जिलों में आयोजित होंगे। इन प्रतिष्ठित खेलों में गुमला के दो होनहार खिलाड़ियों, दीपक कुमार और विक्रम राज ठाकुर, का चयन हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह गुमला जिले के लिए गर्व का क्षण है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेलों में केवल वे राज्य और खिलाड़ी भाग लेते हैं जो सीनियर नेशनल में टॉप 7 में रहे हों। झारखंड हैंडबॉल फेडरेशन के सह सचिव और गुमला स्पोर्ट्स अकादमी के



संस्थापक सैयद जुन्नू रैन को झारखंड बीच हैंडबॉल टीम के प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया है। वह 27 जनवरी से 1 फरवरी तक ऋषिकेश में आयोजित बीच हैंडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड टीम का नेतृत्व करेंगे।

इस अवसर पर जुन्नू रैन ने कहा कि वर्षों से गुमला को खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। हालांकि बीच में यह पहचान कहीं खो गई थी, लेकिन स्पोर्ट्स अकादमी के प्रयासों से गुमला फिर से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बना रहा है।

स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष हफीजुर रहमान ने इस बड़ी उपलब्धि पर जुन्नू रैन को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

# राज्य स्तरीय टीम ने किया बिशुनपुर और घाघरा स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत पिरामल स्वास्थ्य की राज्य स्तरीय टीम ने बिशुनपुर और घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा किया। टीम ने बलगम जांच प्रयोगशाला का निरीक्षण किया और इसकी सराहना की। बिशुनपुर स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक प्रभारी डॉ. सोनाली के साथ पिरामल स्वास्थ्य के राज्य स्तरीय पदाधिकारी देवाशीष सिन्हा ने टीबी जागरूकता, जन भागीदारी, और लेबर रूम में सुधार को लेकर चर्चा की। एनक्वास और लक्ष्य प्रमाणन पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। टीम ने एमटीसी रूम का दौरा कर वहां मौजूद बच्चों की माताओं



से बातचीत की और मिलने वाले लाभों पर चर्चा की। बीपीएम मुकेश कुमार मिश्रा ने टीम को लैब और लेबर रूम का निरीक्षण कराया, जहां उपलब्ध सुविधाओं की टीम ने प्रशंसा की।

**टीबी जागरूकता पर जोर:**
पिरामल स्वास्थ्य के कार्यक्रम प्रबंधक रोहित शर्मा ने टीबी जागरूकता बढ़ाने और लैब रजिस्टर की जांच पर जोर दिया। परिक्षित मुंडा, राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रबंधक, ने सभी जांच और एक्स-रे को निक्षय पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए।

इस निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर की प्रभारी डॉ. सोनाली, बीपीएम मुकेश कुमार मिश्रा, घाघरा के एसटीएस अमित कुमार, पिरामल स्वास्थ्य के संजीत डीपीओ, रजनी किस्कू और रुद्र प्रताप उपस्थित थे।

जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट

# सरायकेला खरसावां ने गिरिडीह को 53 रनों से हराया





**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के गुरुवार को खेले गए मुकाबले में सरायकेला खरसावां की टीम ने गिरिडीह को 53 रनों से हराते हुए पूरे अंक अर्जित किए। जिला मुख्यालय स्थित शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में सरायकेला खरसावां ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 333 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

टीम की ओर से उत्कर्ष आनंद ने 37 गेंदों पर नाबाद 70 रन (8 चौके और 6 छक्के) की शानदार पारी खेली। हनी चौधरी ने 57, अमन शाह ने 50, राहुल अग्रवाल ने 40, देव चौधरी ने 33 और इशांत कुमार ने 27 रनों का योगदान दिया। गिरिडीह के लिए महेंद्र मंडल और ऋषिकेश रंजन ने 2-2 विकेट लिए, जबकि रौनक, शोएब और आदित्य को 1-1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिरिडीह की टीम ने शानदार शुरूआत की। नैतिक राज ने 88 रन (9 चौके) और श्लोक ने 56 गेंदों में 71 रनों की बेहतरीन पारी खेली। सौरव ने भी 33 रनों का योगदान दिया। लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण गिरिडीह की टीम 44.5 ओवर में 280 रनों पर सिमट गई। सरायकेला खरसावां के गेंदबाज देव चौधरी ने 4 विकेट और उत्कर्ष आनंद ने 3 विकेट चटकाए। अमन शाह को 2 विकेट मिले। बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले उत्कर्षआनंद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# नुक्कड़ नाटक के मध्यम से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है । इसी के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा और जिला परिवहन पदाधिकारी सिमडेगा के निदेर्शानुसार रोड सेफ्टी की टीम जिले में लगातार अभियान चला रही है । इसी के तहत गुरुवार को कुरडेग बस स्टैण्ड में डिभाइन नुक्कड़ नाटक ग्रुप के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया । नाटक टीम द्वारा बताया गया कि बाईक चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें । वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करें साथ ही सड़क पर गाड़ी चलाते समय दूसरे चालक की सुरक्षा की भी ख्याल रखें । वहीं ग्रुप के कलाकारों ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता कर अस्पताल पहुंचाने में मदद करें। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों की भुमिका केवल महतो, उमेश महली,धीरेन्द्र महतो, सोनी कुमारी , मातेश्वरी कुमारी , अंजली कुमारी ने निभाई।

**हेल्थ कैम्प का हुआ आयोजन**
सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा थाना गेट के समीप वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। पुलिस की मदद से सभी प्रकार के वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।परीक्षण में ब्लड प्रेशर,हिमोग्लोबिन की जांच की गई।साथ ही बीपी हाई या कम एवं हिमोग्लोबिन कमी वालों को दवा दी गई।कुल 76 चालकों की जांच हुई।शिविर में डॉ तृप्ति सोरेन,सुजित कुमार,एएनएम अंजली एक्का,रामविलास साय,एएसआई सहदेव प्रसाद सहित पुलिस बल मौजूद थे।

## कोलेबिरा में गणतंत्र दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम



**कोलेबिरा।** गणतंत्र दिवस पर कोलेबिरा स्टेडियम में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।इसको लेकर प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसकी रूपरेखा भी तैयार की गयी। 25 जनवरी को सुबह आठ बजे प्रभातफेरी निकाली जायेगी, जिसका नेतृत्व श्यामलाल प्रसाद,सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, रणधीर कुमार,विनोद कुमार, अभिषेक कुमार,वीरेंद्र तिवारी, मोहम्मद बदरुद्दीन अहमद करेंगे। बैठक में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 7.50,प्रखंड संसाधन केंद्र में 8.10,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 8.15, प्लस टू उवि में 8.20,थाना परिसर में 8.30,विद्युत और प्रमंडल कार्यालय में 8.35, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी प्रादेशिक प्रक्षेत्र 8.45,एसके बागे महाविद्यालय में 8.50, पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय में 9.00 बजे, पंचायत भवन में 9.05,वनों के क्षेत्र पदाधिकारी कार्यालय सामाजिक वानिकी में 9.10, जवाहर नवोदय विद्यालय में 9.15,प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय में 9.30,प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 9.50 तथा स्टेडियम कोलेबिरा में 10.30 बजे तिरंगा फहराया जायेगा।स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम,फैंसी मैच समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

## जागरूकता अभियान का असर, साइबर ठगी का शिकार होने से बचा ग्रामीण

**गुमला।** भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र के बटकुरी गांव में करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान का सकारात्मक असर अब ग्रामीणों में दिखने लगा है। गुरुवार की सुबह गांव के किसान हरि मुंडा को अनजान नंबर 8595640440 से फोन आया, जिसमें खुद को कृषि विभाग का कर्मचारी बताते हुए ट्रैक्टर लॉटरी का झांसा दिया गया। फोन करने वाले ने हरि मुंडा से रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 12,000 फोन पे के जरिए मांगे।

## जारी में मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर में चोरी लाखों का सामान ले उड़े चोर

**गुमला।** जारी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबू मोबाइल रिपेयरिंग एंड ऑनलाइन सुविधा केंद्र में अज्ञात चोरों ने बीती रात ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर दुकान से प्रिंटर, चार्जर, ईयरफोन, ब्लूटूथ सहित कई कीमती सामान चुरा ले गए। दुकान के संचालक बाबूलाल चिक बड़ाइक ने बताया कि मंगलवार की रात रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौटे थे। बुधवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था।

## बेहरा टोली में तेज रफ्तार टेंपो की चपेट में आई महिला, घायल

**गुमला।** गुमला-पालकोट रोड स्थित बेहरा टोली के पास एक तेज रफ्तार टेंपो ने पैदल चल रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 55 वर्षीय इफेंशिया एक्का गंभीर रूप से घायल हो गईं, उनका एक पैर टूट गया। जानकारी के मुताबिक, इफेंशिया एक्का दुकान से सामान खरीदने जा रही थीं, तभी पीछे से तेज रफ्तार टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद टेंपो चालक मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पीछा कर पालकोट रोड पेट्रोल पंप के पास पकड़ लिया। घायल महिला और टेंपो चालक को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला का इलाज चल रहा है। टेंपो चालक ने अपना नाम डेविडीह निवासी संतोष लोहरा बताया है।

